आज दिनाँक 28–11–2020 को मोतीलाल मेमोरियल सोसाइटी की आम सभा की एक बैठक अन्तरिम समिति के साथ मा0 न्यायमूर्ति अरुण टण्डन जी की अध्यक्षता में पूर्वान्ह 11.00 बजे आरम्भ हुई।

मोतीलाल मेमोरियल सोसाइटी के पदाधिकारियों के निर्वाचन हेतु उपस्थित सदस्यों को सूचित किया गया कि जो भी सदस्य चुनाव लड़ना चाहता हो वह नामिनेशन प्रपत्र जो 5 पदों के लिए अलग–अलग तैयार किया गया है प्राप्त कर ले तथा भरकर उसको जमा कर दें जिससे बैलेट प्रपत्र की तैयारी हो सके (यदि चुनाव की आवश्यकता होगी)।

अध्यक्ष पद के लिए 2 प्रपत्र श्री जे0आर0 त्रिपाठी तथा डा0 दाऊजी गुप्त जी द्वारा उपाध्यक्ष पद हेतु श्री उज्जवल रमण सिंह द्वारा, महामंत्री पद हेतु श्री राजेश सिंह द्वारा व संयुक्त मंत्री के लिए श्री प्रताप सिंह द्वारा तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए श्री केशव प्रसाद एवं डा0 ओम प्रकाश अग्रवाल द्वार नामिनेशन प्रपत्र लिया गया।

उपरोक्त सदस्यों में से केवल 5 नामिनेशन पूर्णतया भरकर जमा किये गये। श्री जे0आर0 त्रिपाठी तथा डा0 ओम प्रकाश अग्रवाल द्वारा नामिनेशन वापस लिखकर जमा कर दिया गया।

इस प्रकार 5 पदों के सापेक्ष केवल 5 ही वैध नामिनेशन प्रपत्र प्राप्त हुए जो निम्नवत हैं :–

1–	डा0 दाऊजी गुप्त	–	अध्यक्ष
2–	श्री उज्जवल रमण सिंह	–	उपाध्यक्ष
3–	श्री राजेश सिंह	–	महामंत्री
4–	श्री प्रताप सिंह	–	संयुक्त मंत्री
5–	श्री केशव प्रसाद	–	कोषाध्यक्ष

(मा0 अरुण टण्डन)
न्यायमूर्ति(से.नि.)
अध्यक्ष, अन्तरिम समिति

(वीरेन्द्र चौबे)
उ0प्र0 वित्त एवं लेखा सेवा(से.नि.)
सदस्य, अन्तरिम समिति

(मुरलीधर राय)
विशेष कार्याधिकारी (से.नि.)
सदस्य, अन्तरिम समिति

(वी0के0 माथुर)
सीनियर आडिटर(से.नि.)
सदस्य, अन्तरिम समिति